जीविका
ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार
बिहार सरकार
तृतीय तल, विद्युत भवन – 2, बेली रोड, पटना – 800 021, दूरभाष: +91–612–250 4980, फैक्स: +91–612–250 4960, वेबसाइट: www.brlps.in

बिहार सरस मेला, गाँधी मैदान दिसंबर 2026

1. बिहार सरस मेला का आयोजन गाँधी मैदान, पटना में दिनांक 12 दिसंबर से 28 दिसंबर 2026 तक प्रस्तावित है।
2. मेला में गैर स्वयं सहायता समूह (स्वरोजगारी) के स्टॉल आवंटन हेतु इच्छुक स्वरोजगारियों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
3. इस मेले में भाग लेने हेतु Individual Enterprise/स्वरोजगारी के आवेदकों द्वारा जीविका के वेबसाइट (mis.brlps.in/sarasmela) पर बिहार सरस मेला 2026 में स्टॉल आवंटन हेतु उपरोक्त लिंक पर दिनांक 14 नवंबर 2026 से 25 नवंबर 2026 तक आवेदन किया जा सकेगा।
4. Individual Enterprise/स्वरोजगारी के स्टॉल आवंटन हेतु अर्हर्ता एवं अन्य विस्तृत जानकारी जीविका के वेबसाइट पर उपलब्ध है।
5. गलत जानकारी, Proxy Operation (किसी अन्य व्यक्ति द्वारा संचालन), की संलिप्तता, अनाधिकृत पुनर्विक्रय, अवैध कब्जा, दबाव, धमकी, हिंसा अथवा चयन/आवंटन प्रक्रिया में अनुचित हस्तक्षेप की स्थिति में आवेदन/आवंटन रद्द किया जा सकता है तथा नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है।
6. आवेदन अवधि समाप्त होने के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
7. चयनित स्वरोजगारियों द्वारा स्टॉल आवंटन की राशि जीविका द्वारा दिए गये आधिकारिक भुगतान पोर्टल के माध्यम से जमा किया जाएगा। जिसकी विवरणी चयनित सूची के साथ जीविका के वेबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी।
8. खाद्य सामग्री से संबंधित स्टॉल के आवेदकों के पास वैध FSSAI पंजीकरण/लाइसेंस एवं उनके व्यवसाय तथा प्रस्तावित खाद्य उत्पादों के लिए लागू अन्य सभी आवश्यक अनुमतियाँ होना अनिवार्य होगा। उक्त पंजीकरण/लाइसेंस को स्टॉल पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।
9. फर्नीचर, कालीन एवं टेराकोटा वाले स्वरोजगारी मेले में आवंटित स्थान के अलावा गाँधी मैदान के किसी भी क्षेत्र में अपने उत्पाद को नही रखेंगे।